फर्द अहकाम

कार्यालय जिला कलक्टर राजसमन्द, जिला राजसमन्द

श्री दोलत सिंह पिता वदन सिंह राजपुत निवासी शिवनगर 37 आलोक स्कुल के पास जावद तहसील व जिला राजसमन्द

— अपीलांट

बनाम

लोक सूचना अधिकारी, तहसीलदार नाथद्वारा, जिला राजसमन्द

— रेस्पोण्डेंट

किस्म मुकदमा— अपील सूचना का अधिकार

पत्रावली संख्या 30/2018

कमांक	कार्यवाहिक विवरण	हस्ताक्षर पार्टी तथा सूचनाएं जारी की गई
	दिनांक 27.08.2018 अपीलार्थी द्वारा सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 अन्तर्गत वांछित सूचना लोक सूचना अधिकारी, तहसीलदार नाथद्वारा, जिला राजसमन्द से प्राप्त नही होने से इस कार्यालय में सूचना प्राप्ति हेतु प्रेषित प्रथम अपील को दर्ज रजिस्टर किया जाकर लोक सूचना अधिकारी, तहसीलदार नाथद्वारा, जिला राजसमन्द को वांछित सूचना अपीलार्थी को उपलब्ध कराते हुए रिपोर्ट इस न्यायालय में भिजवाने हेतु निर्देशित किया गया। लोक सूचना अधिकारी, तहसीलदार नाथद्वारा, जिला राजसमन्द द्वारा जरिये पत्रांक सू.अ.05/2018/2083—2084 दिनांक 24.08.2018 से प्राप्त रिपोर्टानुसार प्रार्थी का आवेदन पत्र दिनांक 22.06.2018 को सूचना के अधिकारी अधिनियम, 05 के तहत तहसील कार्यालय नाथद्वारा के अभिलेख पर उपलब्ध अनुसार आवेदन पत्र के बिन्दु संख्या 01 से 07 तक की सूचना जरिये रजिस्टर्ड प्रार्थी/अपीलार्थी को भिजवाई जाकर इस प्राधीकरण को जवाब प्रस्तुत किया गया । प्रार्थी/अपीलार्थी की अपील के संदर्भ में प्रत्यर्थीगण को नोटिस जारी करते हुये अपीलार्थी को भी नोटिस की प्रति प्रेषित कर अपील के उत्तर पर आपकी कोई प्रतिकिया हो तो आप व्यक्तिशः उपस्थित होकर अपना अभ्यावेदन प्रस्तुत करे । इस कम में प्रार्थी/अपीलार्थी वक्त पेशी उपस्थित हुआ तहसीलदार नाथद्वारा द्वारा उपलब्ध कराई गई सूचनाओं से संतुष्ठ होना बताया गया । लोक सूचना अधिकारी, तहसीलदार नाथद्वारा, जिला राजसमन्द की रिपोर्ट का अवलोकन किया गया। अपीलार्थी को वक्त पेशी सुना गया । तहसीलदार नाथद्वारा द्वारा जरिये पत्रांक सू.अ.05/2018/2083—2084 दिनांक 24.08.2018 से सूचना जरिये रजिस्टर्ड सूचना भिजवाई जा चूकी है।	

अतः प्रार्थी/अपीलार्थी द्वारा चाही गई सूचना अभिलेख पर उपलब्ध अनुसार लोक सूचना अधिकारी, तहसीलदार नाथद्वारा, जिला राजसमन्द द्वारा रजिस्टर्ड उपलब्ध करा देने से अपीलार्थी द्वारा प्रेषित अपील इसी स्टेज पर निर्णित की जाती है। निर्णय की प्रति अपीलार्थी एवं लोक सूचना अधिकारी, तहसीलदार नाथद्वारा, जिला राजसमन्द को भिजवायी जावे।

पत्रावली फैसल शुमार होकर दर्ज रजिस्टर नं0 से कम की जाकर दाखिल दफ्तर हो।

लोक सूचना अपीलीय अधिकारी
(जिला कलक्टर)राजसमन्द